**Series : SMA/1**

कोड नं.
Code No. **59/1/2**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 12 हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 35 प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **12** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **35** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.

# राजनीति विज्ञान

# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे]* *[ अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum Marks : 100*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न संख्या **1** से **10** का प्रत्येक प्रश्न **एक** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **20** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **11** से **20** का प्रत्येक प्रश्न **दो** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **21** से **30** का प्रत्येक प्रश्न **चार** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **31** से **35** का प्रत्येक प्रश्न **छः** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **35** मानचित्र पर आधारित है । उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।*

**General Instructions :**

*(i)* ***All** questions are compulsory.*

*(ii)* *Question numbers **1** to **10** are of **one** mark each. The answers to these questions should not exceed **20** words each.*

*(iii)* *Question numbers **11** to **20** are of **two** marks each. The answers to these questions should not exceed **40** words each.*

*(iv)* *Question numbers **21** to **30** are of **four** marks each. The answers to these questions should not exceed **100** words each.*

*(v)* *Question numbers **31** to **35** are of **six** marks each. The answers to these questions should not exceed **150** words each.*

*(vi)* *Question number **35** is based on Map. Write the answer in your Answer-Book.*

1. 2006 तक संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों की संख्या कितनी थी ? 1

How many member-states did the United Nations have till 2006 ?

2. राज्य पुनर्गठन आयोग की रिपोर्ट का आधार क्या था ? 1

What was the basis of the report of the States Reorganisation Commission ?

3. किस वर्ष में लोक सभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने 415 सीटें जीतीं ? उस समय प्रधानमंत्री कौन बना ? $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

In which year did the Congress Party win 415 seats in the Lok Sabha ? Who became the Prime Minster then ?

4. निम्नलिखित नारे किन नेताओं द्वारा दिए गए ? $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(i) जय जवान, जय किसान

(ii) गरीबी हटाओ

Name the leaders who gave the following slogans :

(i) Jai Jawan, Jai Kisan

(ii) Garibi Hatao

5. जॉर्ज फर्नांडिस के नेतृत्व में 1974 की रेलवे हड़ताल के दौरान, रेलवे कर्मचारियों की मुख्य माँग क्या थी ? 1

What was the main demand of the railway men during the railway strike led by George Fernandes in 1974 ?

6. ताड़ी विरोधी आंदोलन क्या था ? 1

What was the Anti-Arrack Movement ?

7. अल्पसंख्यक समुदाय के विरुद्ध किन्हीं दो हिंसक घटनाओं का उल्लेख कीजिए जो लोकतंत्र के लिए खतरा हैं । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

Mention any two incidents of violence against the minority community which are a threat to democracy ?

8. उपयुक्त शब्दों द्वारा खाली स्थान भरिए :

प्रथम खाड़ी युद्ध ______ के विरुद्ध लड़ा गया जिसमें ______ देशों के सैनिकों ने भाग लिया । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

Fill in the blanks with appropriate words :

First Gulf War was fought against _________ in which troops from _________ countries fought.

9. 'वर्चस्व' का क्या अर्थ है ? 1

What does the word 'hegemony' imply ?

10. निम्नलिखित कथन को सही करके पुन: लिखिए : $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के आठ अस्थाई सदस्य आम सभा द्वारा तीन वर्षों के लिए चुने जाते हैं ।

Correct the following statement and rewrite :

Eight temporary members of the U.N. Security Council are elected by the General Assembly for a period of three years.

11. राष्ट्रपति क्लिंटन के आदेश अनुसार 'ऑपरेशन इनफाईनाइट रीच' क्या था ? 2

What was the 'Operation Infinite Reach' ordered by President Clinton ?

12. वैश्वीकरण के किन्हीं दो सांस्कृतिक परिणामों को उजागर कीजिए । $2 \times 1 = 2$

Highlight any two cultural consequences of globalisation.

13. स्वतंत्रता के तुरन्त बाद, भारत के समक्ष आईं किन्हीं दो चुनौतियों का उल्लेख कीजिए । $2 \times 1 = 2$

Mention any two challenges that India faced just after Independence.

14. उड़ीसा के आदिवासी जिलों में, उद्योग लगाने से आदिवासियों और पर्यावरणविदों के किस प्रकार के डर थे ? 2

What were the fears of tribal population of Orissa and environmentalists about setting up industries in the tribal districts ?

15. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कब और क्यों दो भागों में विभाजित हो गई ? $1 + 1 = 2$

When and why was the Communist Party of India (CPI) divided into two factions ?

16. सरकार से अपनी माँगें मनवाने के लिए, भारतीय किसान यूनियन ने जिन कार्रवाइयों का सहारा लिया, उनमें से किन्हीं चार को सूचीबद्ध कीजिए । $4 \times \frac{1}{2} = 2$

List any four activities conducted by Bharatiya Kisan Union to pressurize the state for accepting its demands.

17. जन आंदोलनों द्वारा कौन से वर्ग लामबन्ध किये जाते हैं ? उनके द्वारा अपनाये गये तरीके कौन से हैं ? $1 + 1 = 2$

Which groups are mobilized by popular movements ? What are the methods used by these movements ?

18. सोवियत राजनीतिक प्रणाली की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । $2 \times 1 = 2$

Mention any two characteristics of the Soviet Political System.

19. ताजिकिस्तान में हुआ गृह युद्ध कितने वर्ष तक चलता रहा ? यह गृह युद्ध कब समाप्त हुआ ? $1 + 1 = 2$

For how many years did the Civil War continue in Tajikistan ? When did it come to an end ?

20. यूरोपीय संघ के झंडे में दर्शाए गए 'सोने के रंग के बारह सितारों के घेरे' का क्या महत्त्व है ? $2 \times 1 = 2$

In the European Union Flag, what does the symbol of 'twelve gold stars in a circle' signify ?

21. भारत की सुरक्षा रणनीति के किन्हीं चार घटकों की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए । $4 \times 1 = 4$

Explain in brief any four components of India's security strategy.

22. 'वैश्विक साझी संपदा' से क्या अभिप्राय है ? इसकी सुरक्षा के लिए कोई दो सुझाव दीजिए । $2 + 2 = 4$

What is meant by 'Global Commons' ? Suggest any two steps for the protection of 'Global Commons'.

23. वैश्वीकरण की परिभाषा लिखिए । वैश्वीकरण के किन्हीं तीन कारणों की व्याख्या कीजिए । $1 + 3 = 4$

Define Globalisation. Explain any three causes of Globalisation.

24. निम्नलिखित में मेल कीजिए : $4 \times 1 = 4$

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | एस.ए. डांगे | (i) | भारतीय जन संघ |
| (ख) | श्यामा प्रसाद मुखर्जी | (ii) | स्वतंत्र पार्टी |
| (ग) | मीनू मसानी | (iii) | प्रजा सोशलिस्ट पार्टी |
| (घ) | अशोक मेहता | (iv) | भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी |

Match the following :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | S.A. Dange | (i) | Bhartiya Jan Sangh |
| (b) | Shyam Prasad Mukerjee | (ii) | Swatantra Party |
| (c) | Minoo Masani | (iii) | Praja Socialist Party |
| (d) | Ashok Mehta | (iv) | Communist Party of India |

25. नेहरू की विदेशी नीति के उद्देश्यों का उल्लेख कीजिये । वह किस रणनीति के द्वारा इन उद्देश्यों को प्राप्त करना चाहते थे ? $2 + 2 = 4$

Mention the objectives of Nehru's Foreign Policy. What was the strategy through which he wanted to achieve them ?

26. 25 जून 1975 को घोषित आपातकाल के किन्हीं चार परिणामों की व्याख्या कीजिये । $4 \times 1 = 4$

Explain any four consequences of emergency declared on 25 June, 1975.

27. भारत में गठबंधन की राजनीति का एक लम्बा दौर कब और क्यों प्रारम्भ हुआ ? **1 + 3 = 4**

When and why did a long phase of coalition politics begin in India ?

28. गुट निरपेक्ष आंदोलन के किन्हीं चार उद्देश्यों की व्याख्या कीजिये । **4 × 1 = 4**

Explain any four objectives of Non-alignment Movement.

29. **4 × 1 = 4**




ऊपर दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(i) अपने हाथ में 'लोकतंत्र बचाओ' की पट्टिका पकड़े हुए व्यक्ति को पहचानिए तथा उसका नाम लिखिए ।

(ii) कार्टून में दिखाए गए पाँच व्यक्तियों का समूह, आपके मत में किस राजनीतिक दल से सम्बंध रखता है ?

(iii) इस समूह की राय में, धरने पर बैठे हुए व्यक्ति का इरादा क्या है ?

(iv) लोकतंत्र के पतन के लिए उत्तरदायी किन मुद्दों को कार्टून में उजागर किया गया है ?




Study the cartoon given above carefully and answer the following questions :

(i) Identify and name the person holding in his hand, the placard 'Save Democracy'.

(ii) In your opinion, the group of five persons belongs to which political party ?

(iii) According to the group of five, what are the intentions of the person sitting on 'Dharna' ?

(iv) Which issues responsible for the downfall of democracy are highlighted in the cartoon ?

**नोट : केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए, प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर :**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2 + 2 = 4**

(अ) विद्यार्थियों के अनुरोध पर, बिहार आंदोलन का नेतृत्व करना किसने स्वीकार किया ? स्वीकृति देने से पूर्व उसने क्या शर्त रखी ?

(ब) उसके आंदोलन के किन्हीं दो प्रमुख उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए ।

**Note : For Blind Candidates only, in lieu of Question No. 29.**

Answer the following questions :

(a) Who accepted the students' request to lead the Bihar Movement ? Which condition did he lay before giving his consent to lead ?

(b) Mention any two main objectives of his movement.

30. संयुक्त राष्ट्र को अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए इसके सदस्य-देशों द्वारा 2005 में सुझाए गए किन्हीं चार कदमों को सूचीबद्ध कीजिए । $4 \times 1 = 4$

List any four steps suggested by the member-states of the U.N. in 2005 in order to make the United Nations more relevant.

31. भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में लगभग तीन दशकों तक कांग्रेस का प्रभुत्व बनाए रखने में सहायक किन्हीं तीन कारकों का मूल्यांकन कीजिए । $3 \times 2 = 6$

**अथवा**

हरित क्रांति क्या थी ? इसके किन्हीं दो सकारात्मक तथा किन्हीं दो नकारात्मक परिणामों का उल्लेख कीजिए । $2 + 2 + 2 = 6$

Evaluate any three factors that helped the Congress to continue to dominate the Indian political scenario for almost three decades after independence.

**OR**

What was Green Revolution ? Mention its any two positive and any two negative consequences.

32. 1970 के दशक के प्रारम्भिक वर्षों में, इंदिरा गांधी की सरकार को लोकप्रिय बनाने में सहायक किन्हीं छ: कारकों की व्याख्या कीजिए । $6 \times 1 = 6$

**अथवा**

'1977 के चुनाव के बाद, पहली बार केन्द्र में विपक्षी दलों की सरकार बनी ।' इस बदलाव के किन्हीं छ: कारणों का परीक्षण कीजिए ।

Explain any six factors which led to the popularity of Indira Gandhi's government in the early 1970s.

**OR**

'The 1977 elections for the first time saw the opposition coming to power at the centre.' Examine any six reasons for this change.

33. अमरीकी शक्ति के मार्ग में किन्हीं तीन अवरोधों की व्याख्या कीजिए । $3 \times 2 = 6$

**अथवा**

1962 के युद्ध में भारत को सैनिक पराजय झेलनी पड़ी और भारत-चीन सम्बन्धों पर इसका दीर्घकालिक असर हुआ । 1976 तक दोनों देशों के बीच कूटनैतिक संबंध समाप्त ही रहे । इसके बाद धीरे-धीरे दोनों के बीच सम्बन्धों में सुधार शुरू हुआ । 1970 के दशक के उत्तरार्द्ध में चीन का राजनीतिक नेतृत्व बदला । चीन की नीति में भी अब वैचारिक मुद्दों की जगह व्यावहारिक मुद्दे प्रमुख होते गए इसलिए चीन भारत के साथ संबंध सुधारने के लिए विवादास्पद मामलों को छोड़ने को तैयार हो गया । 1981 में सीमा विवादों को दूर करने के लिए वार्ताओं की शृंखला भी शुरू की गई । **2 + 1 + 1 + 2 = 6**

ऊपर दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(i) 1962 के संघर्ष के परिणामस्वरूप, भारत को सैनिक पराजय क्यों झेलनी पड़ी ?

(ii) भारत और चीन के सम्बंध धीरे-धीरे कब सुधरने प्रारम्भ हुए ?

(iii) सत्तर के दशक में चीन की नीति में क्या परिवर्तन हुआ ?

(iv) सीमा विवाद को सुलझाने के लिए कौन से प्रयास किए गए ?

Explain any three constraints on the American power.

**OR**

The conflict of 1962, in which India suffered military reverses, had long-term implications for India-China relations. Diplomatic relations between the two countries were downgraded until 1976. Thereafter, relations between the two countries began to improve slowly. After the change in China's political leadership from the mid to late 1970s, China's policy became more pragmatic and less ideological. So it was prepared to put off the settlement of contentious issues while improving relations with India. A series of talks to resolve the border issue were also initiated in 1981.

Study the paragraph given above carefully and answer the following questions :

(i) Why did India suffer military reverses as a result of the conflict of 1962 ?

(ii) When did the relation between India and China slowly improve ?

(iii) What was the change in the policy of China in the seventies ?

(iv) Which efforts were made to resolve the border issue between India and China ?

34. शीत युद्ध से क्या अभिप्राय है ? महाशक्तियाँ छोटे देशों के साथ सैनिक गठबंधन क्यों करती हैं ? **2 + 4 = 6**

**अथवा**

सोवियत संघ के विघटन के किन्हीं छ: परिणामों की व्याख्या कीजिए । **6 × 1 = 6**

What is Cold War ? Why did the Super Powers depend on military alliances with smaller countries ?

**OR**

Explain any six consequences of the disintegration of the Soviet Union.

35. जन आंदोलनों ने लोकतंत्र को बाधा पहुँचाने की अपेक्षा, उसका विस्तार किस प्रकार किया ? **6**

**अथवा**




ऊपर दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र में छ: राज्य (A), (B), (C), (D), (E) तथा (F) द्वारा दर्शाए गए हैं । 2004 में हुए, लोकसभा के चुनाव के परिणामों को ध्यान में रखते हुए तथा नीचे दी गई जानकारी के आधार पर, इन राज्यों को पहचानिए तथा इनके सही नाम, निम्नलिखित तालिका के रूप में, अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए :

| गठबंधन का नाम | अक्षर (A से F) | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| | | |


(i) दो राज्य जहाँ वाम पंथी दलों ने लोक सभा की सीटें बहुमत से जीतीं

(ii) दो राज्य जहाँ एन. डी. ए. ने लोक सभा सीटें बहुमत से जीतीं ।

(iii) दो राज्य जहाँ यू.पी.ए. ने लोक सभा सीटें बहुमत से जीतीं । **+ 2 + 2 = 6**

How have popular movements contributed to the expansion of democracy rather than causing disruption ?

**OR**




In the given political outline map of India, six states have been labelled as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ, Ⓔ and Ⓕ. Keeping in mind, the Lok Sabha Election results of 2004 and with the help of the information provided below, identify these states. Write their correct names in your answer book in the following tabular form :

| Name of Coalition | Alphabet (A to F) | Name of the State |
|---|---|---|
| | | |

(i) Two states where the Left parties won the majority of Lok Sabha seats.

(ii) Two states where the NDA won the majority of Lok Sabha seats.

(iii) Two states where the UPA won the majority of seats in Lok Sabha.

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 35 के स्थान पर है :** **2 + 2 + 2 = 6**

(अ) इन गठबंधनों के पूरे नाम लिखिए : (i) यू.पी.ए. (संप्रग) (ii) एन.डी.ए. (राजग)

(ब) 2004 में किस गठबंधन ने सरकार बनाई ? इसके किन्हीं दो मुख्य समर्थक दलों के नाम लिखिए ।

(स) पिछड़ी जातियों के लिए सीटों के आरक्षण के बारे में अधिकांश राजनीतिक दल किस बात पर सहमत थे ?

**Note : The following questions are for Blind Candidates only in lieu of Q. No. 35 :**

(a) Write the full forms of the coalitions (i) UPA and (ii) NDA

(b) Which coalition came to power in 2004 ? Name its any two major supporting parties.

(c) What was the consensus amongst most parties on the issue of reservation of seats for the backward classes ?